# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)



# मासिक पत्रिका

# माह—फरवरी

# 2017

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

## विधानसभा की तर्ज पर होगी समान्य सभा

### 0 निगम सभागार में कार्यशाला आयोजित कर दी गई जनप्रतिनिधियों को नए नियम की जानकारी

**रायगढ़ः–**

अब विधानसभा की तर्ज पर सामान्य सभा की बैठक होगी। इसमें निवार्चित सभी पार्षदगण व एल्डरमेन निगम के अंतर्गत हुए कार्य व अन्य विषयों पर प्रश्न भी पूछ सकेंगे।



गुरुवार की दोपहर निगम सभागार में कार्यशाला आयोजित कर समान्य सभा नए नियम की जानकारी शहर के जनप्रतिनिधियों को दी गई। आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने सभी जनप्रतिनिधयों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ नगरपालिका निगम अधिनियम, 1956 की धारा 433 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका निगम अधिनियम, 1961 की धारा 355 व 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार ने

नगरपालिकाओं के कामकाज के संचालन की प्रक्रिया में संशोधन किया है। नए नियम को 30 बिंदुओं में विस्तार किया गया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण क्रमांक 17 है। इसमें पार्षद व एल्डरमेन को प्रश्न पूछने का अधिकार दिया गया है। प्रश्न पूछने के लिए समय सीमा का भी निर्धारण किया गया है। सामान्य सभा के दौरान 1 घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसमें लाटरी के माध्यम से प्रश्नों का चयन किया जाएगा और महापौर अथवा संबंधित सदस्यों या आयुक्त महोदय द्वारा जवाब दिया जाएगा। अन्य लोकहित महत्वपूर्ण प्रश्नों के भी लिखित अथवा मौखिक उत्तर देने की प्रक्रिया है, जिसे आयुक्त श्री पाण्डेय ने विस्तार से बताया। इसके बाद क्रमांक 3 कार्यसूची में सम्मिलत तथ्य, क्रमांक 4 कार्यसूची में मदों का क्रम, 5–सम्मेलन की सूचना, 6–कार्यसूची की मदों में संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किए जाने पार्षदों का अधिकार, 7–उपस्थिति पंजी, 8–सम्मेलन के कार्यवाही का कार्यवृत्त, 9– कार्यवृत्त की पुष्टि, 10–कार्यवृत्त का निरीक्षण एवं पुष्टि, 11–कार्यवृत्त में संशोधन, सम्मेलन का समय, सम्मेलन में कामकाज, कामकाज की भाषा, पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्तक्षेप, मतों के बहुमत द्वारा प्रश्नों पर विनिश्चय, पार्षदों द्वारा जनकारी प्राप्त करना, प्रश्नों के संबंध में प्रक्रिया, सम्मेलन में जनता का प्रवेश सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्षदगण व एल्डरमेन द्वारा किए गए प्रश्नों के उत्तर आयुक्त श्री पाण्डेय व विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव ने दिए। कार्यशाला के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को नियम की जानकारी बांटी गई थी। कार्यशाला के समापन में सभापति श्री शेख सलीम नियारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महापौर माननीय मधुबाई, एमआईसी सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

## सिटीजन फीडबैक देने पर मिलेगा 25 रुपए तक इनाम

**0 स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत 5 से 25 हजार रुपए तक इनाम देने भारत सरकार ने की घोषणा**
**0 काल, वाट्सएप व फार्म भर कर दिया जा सकता है फीडबैक**
**रायगढ़ः—**

स्वच्छता सर्वेक्षण के 2017 अंतर्गत सिटीजन फीडबैक देने पर भारत सरकार द्वारा नगद पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार 5 से 25 हजार रुपए तक होगा। इसमें शहर के नागरिक टोल फ्री नंबर पर काल कर, वाट्सएप के माध्यम से या सीधे फार्म भरकर भी अपना फिडबैक दे सकते हैं।



स्वच्छ भारत के तहत 500 शहरों में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 प्रगति पर है। इसमें 600 अंक सिटीजन फीडबैक के लिए निर्धारित है। सिटीजन फीडबैक के लिए शासन द्वारा निर्धारित टोल फ्री नंबर 1969 या 1800111969 मीस काल देना होगा। इसके बाद वहां से काल आने पर भाषा का चुनाव व शहर के पीन कोड डायल करने का विकल्प पूछा जाएगा। इसके बाद कुछ प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसका जवाब कॉल करने वालों को देना होगा। इसी तरह सिटीजन फीडबैक आनलाइन वाट्सएप के htt://swachh-survekshan.in/contest लिंक के माध्यम से जाकर पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रपत्र के माध्यम

से भी  सिटीजन फीडबैक देने की सुविधा दी गई है यह सुविधा उन लोगों के लिए है, जो मोबाइल अथवा फोन उपयोग नहीं करते हैं। फिडबैक देने वाले नागरिकों का मोबाइल या नाम सहित जानकारी नगर निगम कार्यालय को भारत सरकार द्वारा दी जाएगी। इन्हीं नंबर व नाम को लाटरी सिस्टम से इनाम के लिए निकाला जाएगा। निगम आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छ भारत के तहत नगर को स्वच्छ बनाने निगम की पूरी टीम लगी हुई है। अधिकांश वार्डों को ओडीएफ किया जा चुका है। इसी तरह सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू किया गया है। एसएलआरएम सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। शहर की सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। फीडबैक में सफाई से संबंधित प्रश्नों के ही जवाब देने हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने शहर के निवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सिटीजन फीडबैक देकर स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

——————————————

**स्वच्छता ग्राही बन प्रोत्साहित करने पर भी मिलेगा इनाम**

वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाल स्वच्छा सर्वेक्षण डाट इन में जाकर शहर का कोई भी नागरिक स्वच्छा ग्राही के लिए अपने आप का पंजीयन करा सकता है। इसके बाद उन्हें अपने माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को फीडबैक के लिए प्रोत्साहित करना होगा। ज्यादा संख्या में फीडबैक कराने वालों की भी सूची तैयार कर लाटरी निकाली जाएगी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संबंधित जानकारी के लिए 09560530870 व 09560530510 में कॉल किया जा सकता है।

**एप से शिकायत करने पर होगी तत्काल कार्रवाई**

गुगल प्ले स्टोर के माध्यम से स्वच्छता एप डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से फोटो खिंच कर कर सीधे शिकातय की जा सकता है। शिकातय पर तत्काल कार्रवाई होगी। एप पर शिकायत की निगरानी सीधे भारत सरकार द्वारा की जा रही है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

## पहले दिन शहर के 603 लोगों ने किया आवेदन

**0 निगम कार्यालय एवं शहर के 11 जगहों पर हुआ शिविर का आयोजन**
**0 आयुक्त महोदय ने भी विभिन्न शिविर स्थलों पर लिया लोगों से आवेदन**
**रायगढ़ः–**

शासन के निर्देशानुसार रविवार की सुबह 10 बजे से निगम कार्यालय एवं विभिन्न वार्डों के 11 जगहों पर शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन सभी शिविर स्थलों से करीब 603 आवेदन प्राप्त हुए।




आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से लोक सुराज अभियान का आगाज हुआ। निगम कार्यालय सहित संजय मैदान रामभाठा, होमगार्ड राजामहल के पास, नटवर हाई स्कूल के पास बस स्टाप पर, स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बोईरदादर रोड, डिग्री कालेज बस स्टाप पर, ललित पाठशाला, जूटमिल क्षेत्र कबीर चौक, सोनमुड़ा राशन दुकान के पास, गोरखा पंचायत भवन, उर्दना स्कूल के पास शिविर का आयोजन शाम 5 बजे तक हुआ। सुबह से ही निगम आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने सभी शिविर स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान ललीत स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में आयुक्त श्री पाण्डेय ने लोगों से आवेदन लिया। शिविर स्थलों के निरीक्षण के दौरान आवेदनों की स्थिति का जायजा आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा। इस दौरान शिविर स्थलों में

पेय जल सहित अन्य जरूरी व्यवस्था को लेकर आयुक्त श्री पाण्डेय ने जरूरी सुझाव दिए। पहले दिन विभिन्न शिविर से करीब 603 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें 501 आवेदन मांग के थे, जबकि 63 आवेदन शिकायत थे। इसी तरह 39 अन्य आवेदन विभिन्न शिविरों में प्राप्त हुए। इसमें सबसे ज्यादा इंदिरा नगर स्कूल वार्ड क्रमांक 6, 7, 8 में 190 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के बाद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक आयुक्त श्री पाण्डेय ने ली। इस दौरान वार्डवार आवेदनों की जानकारी ली गई और शिविर के सफल संचालन के लिए जरूरी दिशा निर्देश व सुझाव दिए गए। बैठक में विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव, समाज कल्याण व लोक सुराज नोडल अधिकारी प्रवीण शर्मा, कार्यालय अधक्षीक श्री आरएन पटेल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————

## निरीक्षण कर ली जा रही थी जानकारी

शिविर स्थलों में निरीक्षण व जानकारी लेने के लिए निगम प्रशासन द्वारा विशेष समिति बनाई गई है। समिति द्वारा पूरे समय सभी शिविर स्थलों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या व स्थिति की जानकारी भी ली गई।

————————————

## लोगों तक पहुंचे सुराज

बैठक के दौरान आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने कहा कि शासन की महती योजनाओं के साथ सुशासन की पहुंच सभी लोगों तक हो इसलिए ही सुराज अभियान चलाया जा रहा है। शिविर स्थलों के माध्यम से इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे यह प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को अभियान के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करने निर्देशित किया।